**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 3306**

**गुरुवार, 21 अगस्त, 2025/30 श्रावण, 1947 (शक)**

**देश में सृजित रोजगार**

**3306 श्री समीरुल इस्लाम:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में 2020 से अब तक कितने रोजगार सृजित हुए हैं;
(ख) ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिकों की संख्या कितनी है;
(ग) पिछले तीन वर्षों में देश में बेरोजगारी दर कितनी है; और
(घ) देश में बेरोजगार युवाओं की कुल संख्या कितनी है**?**

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

**(**क) से (घ)**:** आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रोजगार और बेरोजगारी का आधिकारिक डेटा स्रोत है जिसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से आयोजित किया जा रहा है।

नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट के अनुसार, सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के रोजगार को दर्शाने वाला अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर), वर्ष 2020-21 में 52.6%, 2021-22 में 52.9%, 2022-23 में 56.0% और 2023-24 में 58.2% है, जो पिछले कुछ वर्षों में बढ़ती प्रवृत्ति को दर्शाता है।

इसके अतिरिक्त, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए सामान्य स्थिति पर अनुमानित बेरोज़गारी दर (यूआर) 2021-22 में 4.1% से घटकर वर्ष 2022-23 और 2023-24 में 3.2% हो गई है। साथ ही, युवाओं (15-29 वर्ष) के लिए यूआर वर्ष 2021-22 में 12.4% से घटकर 2023-24 में 10.2% हो गई है।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने 26 अगस्त 2021 को असंगठित कामगारों का एक व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस (एनडीयूडब्लयू) बनाने के लिए ई-श्रम पोर्टल (eshram.gov.in**)** लॉन्च किया है जो आधार नंबर से जुड़ा हुआ है। ई-श्रम पोर्टल का उद्देश्य स्व-घोषणा के आधार पर असंगठित श्रमिकों को एक सार्वभौमिक खाता संख्या (यूएएन) प्रदान करके उनका पंजीकरण करना और उन्हें सहायता प्रदान करना है। दिनांक 12 अगस्त 2025 तक**,** 30.99 करोड़ से अधिक असंगठित कामगार पहले ही ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं।

*****